संतोष नगर में देर रात फायरिंग, घटना सीसीटीवी में कैद

नवभारत न्यूज
भिण्ड, 26 अक्टूबर। शहर के संतोष नगर में शनिवार की देर रात हुई फायरिंग की सनसनीखेज वारदात ने पूरे इलाके में दहशत फैला दी है। अज्ञात बदमाश ने

पुलिस पर लापरवाही का आरोप

सिकंदर किन्नर के घर के बाहर गोली चलाई, जिससे घर का कांच चकनाचूर हो गया। यह पूरी घटना घर के बाहर लगे सीसीटीवी कैमरे में स्पष्ट रूप से कैद हो गई, लेकिन हैरानी की बात है कि पुलिस ने अभी तक इस मामले में कोई एफआईआर दर्ज नहीं की।

जानकारी के अनुसार घटना रात लगभग 10:30 बजे के आसपास की है। पीड़ित सिकंदर किन्नर अपने परिवार सहित घर के अंदर सो रहे थे। अचानक एक युवक घर के बाहर आया, कट्टा लोड किया और सीधे घर की ओर फायरिंग कर दी। गोली लगते ही घर का शीशा टूटकर ज़मीन पर बिखर गया। फायरिंग की आवाज सुनते ही बैठक में सो रहे सिकंदर किन्नर के चेले अंकित ने बाहर आकर देखा और तुरंत सिकंदर को घटना की जानकारी दी। जब सिकंदर किन्नर बाहर पहुंचे तो देखा कि घर के बाहर लगे कांच पूरी तरह टूट चुके थे और मौके पर गोली का खोखा पड़ा हुआ था।

पुराना विवाद बना तनाव का कारण : सिकंदर किन्नर द्वारा संचालित गद्दी को लेकर कमला किन्नर के साथ विवाद पिछले कई महीनों से चल रहा है। इस विवाद को लेकर पहले भी कई बार पुलिस को अवगत कराया गया, लेकिन कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई।

पीड़ित ने आरोप लगाया है कि पुलिस की लापरवाही के कारण आरोपियों के हौसले बुलंद हैं।

स्थानीय लोगों में भय और रोष : घटना के बाद आसपास के लोगों में डर का माहौल है। क्षेत्रवासियों ने मांग की है कि यदि समय रहते कार्रवाई नहीं की गई तो भविष्य में बड़ी वारदात हो सकती है। लोगों का कहना है कि पुलिस की निष्क्रियता से अपराधियों का मनोबल बढ़ रहा है।

पुलिस की कार्रवाई पर सवाल

घटना की सूचना मिलते ही देहात थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने घटनास्थल से गोली का खोखा अपने कब्जे में लेकर जांच का आश्वासन दिया, लेकिन चौंकाने वाली बात है कि पुलिस ने अब तक इस मामले में कोई एफआईआर दर्ज नहीं की। यह रवैया पीड़ित परिवार में आक्रोश और भय दोनों पैदा कर रहा है।

सिकंदर किन्नर का बयान

सिकंदर ने मीडिया को जानकारी देते हुए कहा कि हमारे पड़ोस में रहने वाली कमला किन्नर से गद्दी को लेकर काफी समय से विवाद चल रहा है। मैंने इस संबंध में पहले भी एसपी ऑफिस में आवेदन दिया था, लेकिन हमारी बात को अनसुना कर दिया गया। शुक्रवार को भी हमारे बीच विवाद हुआ था, तब पुलिस आकर समझाइश देकर चली गई थी। मुझे पूरा संदेह है कि यह फायरिंग कमला किन्नर की साजिश है, जिसने बदमाश से मिलकर मेरे ऊपर हमला करवाया है। पीड़ित किन्?नर की मांग है, कि फायरिंग के आरोपित को तत्काल गिरफ्तार न्याय दिलवाया जाए।

धन की तलाश में नंदी प्रतिमा खंडित, ग्रामीणों में आक्रोश, पुलिस ने दर्ज किया मामला

नवभारत न्यूज
भिण्ड, 26 अक्टूबर। मौ थाना क्षेत्र के रतवा गांव स्थित लगभग 1400 वर्ष पुराने ऐतिहासिक दधिस्वर शिव मंदिर में अज्ञात असामाजिक तत्वों ने गड़े धन की खोज के उद्देश्य से तोड़फोड़ कर नंदी महाराज की विशाल प्रतिमा को खंडित कर दिया। मंदिर में की गई इस तोड़फोड़ से ग्रामीणों में भारी आक्रोश व्याप्त है। मंदिर पुजारी की फरियाद पर मौ थाना पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ धार्मिक भावनाएं आहत करने की धारा 295-ए के तहत प्रकरण दर्ज कर जांच प्रारंभ कर दी है।

दधिस्वर शिव मंदिर 11वीं शताब्दी के पृथ्वीराज काल का बताया जाता है, जो वियाबान जंगल में पहाड़ियों के बीच स्थित है। इस प्राचीन मंदिर में विशाल शिवलिंग और नंदी की प्रतिमा स्थापित है। मंदिर पुजारी राधाकृष्ण दुबे प्रतिदिन सुबह-शाम पूजा-अर्चना करने आते हैं।

घटना का खुलासा

पुजारी के अनुसार रविवार शाम तक सब कुछ सामान्य था, परंतु सोमवार सुबह पूजा के लिए मंदिर पहुंचने पर नंदी प्रतिमा उखड़ी पड़ी मिली और उसके स्थान पर लगभग 10 फुट गहरा गड्ढा दिखाई दिया। अनुमान लगाया जा रहा है कि गड़ा धन (दफ़ीना) निकालने के इरादे से उक्त प्रतिमा को तोड़ा गया। स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि दो माह पूर्व भी नंदी प्रतिमा को अपने स्थान से हटाने की कोशिश की गई थी, किंतु उस समय मामले को हल्का समझकर शिकायत नहीं दर्ज कराई गई थी। अब प्रतिमा को पूर्ण रूप से खंडित करने की यह घटना गंभीर षड्यंत्र का संकेत दे रही है।

खेत में सांड ने किसान पर किया हमला

नवभारत न्यूज
भिण्ड, 26 अक्टूबर। देहात थाना क्षेत्र के बवेड़ी गांव में शनिवार को खेत पर फसल देखने गए किसान पर सांड ने अचानक हमला कर दिया। गंभीर रूप से घायल किसान को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनकी हालत गंभीर बनी हुई है।

जानकारी के अनुसार, सौधन सिंह राजावत पुत्र बंसी सिंह राजावत, निवासी बवेड़ी, अपने घर से लगभग 500 मीटर दूर खेत पर फसल की निगरानी के लिए गए थे। इसी दौरान एक सांड ने उन पर हमला कर दिया और जांघ के पास सींग से गंभीर चोट पहुंचाई। घटना के तुरंत बाद ग्रामीणों ने घायल किसान को जिला अस्पताल पहुंचाया। चिकित्सकों ने बताया कि उनकी चोट गंभीर है और उपचार जारी है।

सेवा, सुरक्षा और संस्कार पर केंद्रित कोचिंग में हुआ प्रेरक चर्चा सत्र

नवभारत न्यूज
मालनपुर, 26 अक्टूबर। स्थानीय लायक सर कोचिंग संस्थान में सेवा, सुरक्षा और संस्कार विषय पर एक प्रेरक चर्चा सत्र आयोजित किया गया। इस सत्र में स्कूल एवं कोचिंग की छात्राओं को वर्तमान सामाजिक परिवेश में सतर्कता, आत्मरक्षा और संस्कारों के महत्व के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई।

कोचिंग संचालक लायक सर ने कहा कि आज के समय में समाज में कुछ असामाजिक तत्व बालिकाओं को भ्रमित करने का प्रयास करते हैं, ऐसे में प्रत्येक छात्रा को मानसिक और शारीरिक रूप से सशक्त बनना आवश्यक है। इस अवसर पर मालनपुर थाना से थाना प्रहरी संजीव जी और प्रदीप जी सिकरवार ने उपस्थित होकर बालिकाओं का मार्गदर्शन किया।

प्रदीप ने छात्राओं को मोबाइल फोन का सीमित और सावधानीपूर्वक उपयोग करने की सलाह दी तथा अपने करियर और सुरक्षा पर विशेष ध्यान देने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि यदि किसी भी प्रकार की परेशानी हो तो निडर होकर अपने परिजनों या महिला पुलिस अधिकारी से संपर्क करें — प्रत्येक थाने में महिला पुलिस कर्मी उपलब्ध हैं।

सत्र में विश्व हिन्दू परिषद मातृ शक्ति जिला संयोजिका पिंकी राजावत एवं समाजसेविका किरण गौड़ ने भी बालिकाओं को सेवा, सुरक्षा और संस्कार के माध्यम से आत्मनिर्भर बनने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम के अंत में लायक सर ने कहा कि बालिकाएं समाज और राष्ट्र के उत्थान में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं, इसलिए उन्हें हर परिस्थिति में मजबूत और सजग रहना चाहिए। चर्चा सत्र उत्साह और प्रेरणा के माहौल में संपन्न हुआ।

चलो बुलावा आया है माता ने बुलाया है करौली की भव्य पदयात्रा

नवभारत न्यूज
गोरमी, 26 अक्टूबर। गोरमी से 28 अक्टूबर की सुबह 8 बजे प्रसिद्ध केला देवी धाम (करौली, राजस्थान) के लिए भव्य पदयात्रा निकलेगी। इस पदयात्रा की जानकारी रविवार को गोरमी के कचनाव रोड स्थित तिवारी मैरिज गार्डन में आयोजित प्रेसवार्ता के दौरान दी गई।

कार्यक्रम के संयोजक कौशल तिवारी ने बताया कि यह पदयात्रा लगभग 220 किलोमीटर लंबी होगी, जिसमें लगभग 500 श्रद्धालु भाग लेंगे। श्रद्धालुओं में महिलाओं की भी विशेष संख्या रहेगी, जो पूरी श्रद्धा और उत्साह के साथ देवी दर्शन के लिए पैदल यात्रा करेंगी।

इस धार्मिक यात्रा का आयोजन कौशल तिवारी एवं रेखा तिवारी के नेतृत्व में किया जा रहा है। आयोजकों ने बताया कि यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं के लिए भोजन, पेयजल और चिकित्सा व्यवस्था का विशेष ध्यान रखा गया है। यात्रा के साथ डॉक्टरों की टीम भी रहेगी जो किसी भी स्वास्थ्य आपात स्थिति में तत्काल सहायता प्रदान करेगी।

कौशल तिवारी ने बताया कि पदयात्रा मार्ग में कई स्थानों पर श्रद्धालुओं के स्वागत की तैयारियाँ की जा रही हैं। जगह-जगह पर भंडारा, जलपान और विश्राम स्थलों की व्यवस्था होगी। यह पदयात्रा धार्मिक आस्था और सामाजिक एकता का प्रतीक बनेगी। श्रद्धालु भक्ति गीतों, कीर्तन और जयकारों के साथ यात्रा करेंगे। यात्रा का समापन 2 नवंबर को पवित्र केला देवी धाम में दर्शन के साथ होगा।

इनका कहना है...

भक्ति और अनुशासन के साथ यात्रा संपन्न होगी, सभी श्रद्धालुओं से अनुरोध है कि नियमों का पालन करें।

— कौशल तिवारी, यात्रा संयोजक

चिकित्सा शिविर में 150 से अधिक रोगियों का उपचार

नवभारत न्यूज
भिण्ड, 26 अक्टूबर। सेवार्थ एक पहल - नव जनचेतना समिति द्वारा 26 अक्टूबर को सुबह 8 बजे से 12 बजे तक शा.उमा. उत्कृष्ट विद्यालय क्र.1 परिसर में नि:शुल्क आयुर्वेद चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 150 से अधिक रोगियों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उचित परामर्श दिया गया।

आयोजन समिति के अध्यक्ष अमित पाठक ने बताया कि शिविर में 50 से अधिक संधिगत वात (एड़ी, घुटना, कमर, कंधा, गर्दन दर्द) के मरीजों का अग्निकर्म एवं विद्यकर्म से उपचार किया गया। रोगियों को इन थेरेपी से तत्काल लाभ हुआ। शिविर में नाक, कान एवं गलारोग विशेषज्ञ द्वारा भी रोगियों का विशेष परीक्षण कर परामर्श दिया गया। शिविर में डॉ विवेक सिंह भदौरिया, डॉ नीरज, डॉ पंकज एवं डॉ संदीप ने सेवाएं दीं। शिविर के संचालन में अरविंद सिंह राठौर, आशीष सविता, प्रशांत जोशी, दीपक देपुरिया, शिवम बाजपेई, रॉबिन शुक्ला, अजय सक्सेना,शिवेंद्र सिंह, सतेंद्र कुशवाह,भीम सिंह, सौरभ त्रिपाठी, धर्मवीर सिंह भदौरिया, मयंक भदौरिया, राम अवतार सिंह आदि का सहयोग सराहनीय रहा । योग प्रशिक्षक सुनील, योग गुरु कृपाल सिंह राजावत, महिला पतंजलि योग प्रशिक्षक सोनाली अग्रवाल , बीजेपी के पूर्व जिला अध्यक्ष केशव सिंह भदौरिया, सुरेन्द्र बघेल, राहुल जैन एवं प्रवेश सिंह रावत ने शिविर आयोजित करने के लिए समिति के सदस्यों का आभार व्यक्त किया।

भाजपा की सरकार ने हद पार कर दी : बघेल

नवभारत न्यूज
भिण्ड, 26 अक्टूबर। पीओएस के बिना खाद बेचने के मामले पर ग्रामीण कांग्रेस जिलाध्यक्ष रामशेष

जिला कांग्रेस ने खाद की ब्लैकमिलिंग करने वाले अधिकारियों पर कठोर कार्यवाही की मांग की

बघेल ने प्रदेश सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि भाजपा के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की सरकार में भृष्टाचारियों ने भृष्टाचार करने में हद ही पार कर दी है।

श्री बघेल ने कहा जिले में किसानों को खाद के लिए लाइन में लगना पड़ा,लाठियां खानी पड़ी यहां तक की धरना प्रदर्शन करना पड़ा। बघेल ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार में भृष्टाचारियों को भृष्टाचार करने की खुली छूट मिली हुई है,तभी तो इतना सब कुछ होने के बाद भी अधिकारी भृष्टाचार करने से बाज नहीं आ रहे। बघेल ने कहा कि समाचार पत्र में प्रकाशित खबर से जानकारी मिली है,कि मार्कफेड के अधिकारी के द्वारा खाद को ब्लैक करवाया गया है। उन्होंने कहा कि लहार के गोदाम से डीएपी खाद की 1150 बोरियां गायब होने का मामला सामने आया है,पीओएस मशीन में इनका कोई रिकॉर्ड नहीं है,कि यह बोरिया किसे दी गई है। श्री बघेल ने जिला प्रशासन से मांग की है,कि यदि पूरे स्टॉक की सही जांच की जाये तो गायब बोरियों की संख्या बहुत बड़ी हो सकती हैं। उन्होंने कहा कि इस मामले में लिप्त अधिकारी,कर्मचारी को विपणन अधिकारी द्वारा तथ्य हीन बयान देकर बचाने का प्रयास किया जा रहा हैं ।जबकि पूर्व में जिले में कई जगह खाद की ब्लैकमिलिंग की घटनाएं पकड़ी जा चुकी हैं।

श्री बघेल ने कहा कि बिना पीएसओ खाद बेचने का अधिकार किसने दिया है,खाद को इस प्रकार से बेचने की घटना से स्पष्ट प्रतीत होता है,कि निश्चित तौर पर किसानों की खाद को बड़े पैमाने पर ब्लैक किया गया है, अगर पूरे जिले की सही ढंग से जांच की जाए तो खाद की ब्लैकमेलिंग का बड़ा खुलासा उजागर हो सकता है।

श्री बघेल ने जिला प्रशासन से अपील करते हुए कहा कि एक उच्चस्तरीय टीम गठित कर खाद की ब्लैकमेलिंग की उचित जांच कर दोषी अधिकारियों, कर्मचारियों पर ठोस कार्यवाही की जाये।

मेहगांव के पूर्व विधायक की तबियत बिगड़ी

नवभारत न्यूज
भिण्ड, 26 अक्टूबर। मेहगांव विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक और भारतीय जनता पार्टी के पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष मुकेश चतुर्वेदी की

मुख्यमंत्री के निर्देश पर एयरलिफ्ट कर गुड़गांव अस्पताल में भर्ती

तबीयत शनिवार देर रात अचानक गंभीर रूप से बिगड़ गई। स्थिति की जानकारी मिलते ही प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल ने रात करीब 1:30 बजे मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से संपर्क कर पूरी जानकारी दी।

मुख्यमंत्री के निर्देश पर तुरंत कार्रवाई : मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने स्थिति की गंभीरता को देखते हुए भिंड प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग को तत्काल निर्देश दिए कि मरीज को आवश्यक चिकित्सकीय सहायता उपलब्ध कराई जाए और उसे तुरंत एयरलिफ्ट किया जाए। मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार रविवार सुबह 8 बजे मुकेश चतुर्वेदी को ग्वालियर से एयरलिफ्ट कर गुड़गांव के वेदांता हॉस्पिटल ले जाया गया। वहां विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम उनकी निगरानी में उपचार कर रही है। स्वास्थ्य संबंधी अपडेट के अनुसार उनका उपचार चल रहा है और डॉक्टरी टीम उनकी स्थिति पर लगातार नजर रखे हुए है।

एकल अभियान का मासिक अभ्यास कार्यक्रम आयोजित

नवभारत न्यूज
भिण्ड, 26 अक्टूबर। मेहगांव अंचल मुरैना का अभ्यास वर्ग शिशु विद्यालय मेहगांव में सम्पन्न हुआ दो दिवसीय मासिक अभ्यास वर्ग मे मेहगांव क्षेत्र के पच्चीस भिभिन्न ग्राम पंचायतों से एकल विद्यालय कि आचार्य दीदियों को प्रशिक्षण वर्ग 30 घण्टे का रहा इसमें पंचमुखी शिक्षा के बारे अवगत कराए प्राथमिक शिक्षा अरोग्य शिक्षा ग्राम विकास शिक्षा जागरण शिक्षा संस्कार शिक्षा के विषय मे प्रशिक्षण दिया गया कार्यक्रम में मुख्य रूप से रामकुमार भदौरिया श्रीमती सुधा राठौर मुन्नी नरवरिया नीरज शर्मा ललित त्यागी कालीचरण शाक्य श्रीमती ममता नरवरिया श्रीमती सपना नरवरिया श्रीमती गीता शर्मा रामशेष शर्मा उपस्थित रहे।

स्वच्छ भारत अभियान को पलीता लगा रहीं मालनपुर की कम्पनियां

नवभारत न्यूज
मालनपुर, 26 अक्टूबर। औद्योगिक क्षेत्र मालनपुर में संचालित डेप्ट केमिकल ऑर्गेनाइजेशन, सन ब्रिज (राइस मिल) रियान फूड्स, मां केला देवी मेटल, प्लास्ट पिक्स रेजिन इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, पेरिसिलिक,

जहरीले प्रदूषण से घुट रहा लोगों का दम, एक पर प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की कार्रवाई, थमाया नोटिस

डेलफिश आदि करीब एक दर्जन कंपनियां सरकार की महत्वाकांक्षी स्वच्छ भारत योजना को पलीता लगा रही है और क्षेत्र को गंदा कर रहवासियों के लिए मुसीबत बन रही है।

कंपनियां इतनी लापरवाह है कि प्रदूषण नियंत्रण के मानकों को भी नहीं मान रही है एवं सारे नियम कायदे ताक पर रख जमकर प्रदूषण छोड़कर क्षेत्र के वातावरण को दूषित कर रही हैं द्य क्षेत्र में संचालित डेप्ट केमिकल कंपनी द्वारा लगातार केमिकल युक्त पानी बाहर छोड़ा जा रहा है जो आम जनों के लिए मुसीबत तो बन ही रहा है साथ ही साथ पशु पक्षी भी इसकी चपेट में आ रहे हैं इतना ही नहीं कंपनी द्वारा केमिकल युक्त जहरीला पानी टैंकरों में भरकर क्षेत्र में जगह-जगह आम रास्तों के किनारे फेंका जा रहा है। इसी प्रकार सन ब्रिज (राइस मिल) द्वारा वायु प्रदूषण, जल प्रदूषण छोड़ा जा रहा है एवं कंपनी में चावल निकालने के बाद धान की भूसी को इधर-उधर फेंक दिया जाता है जो परेशानी का सबब बन रही है ,धान की डस्ट से चारों ओर वातावरण दूषित हो रहा है इसी के साथ क्षेत्र में संचालित रियान फूड्स,प्लास्ट पिक्स रेजिन इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, पेरिसिलिक, डेलफिश आदि कंपनियां जमकर प्रदूषण छोड़कर रह वासियों को बीमार बना रहीं है द्य इस संबंध में क्षेत्र वासियों ने सीएम हेल्पलाइन पर शिकायतें भी की हैद्व

प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने मां केला देवी मेटल को थमाया नोटिस , तत्काल उत्पादन बंद करने के दिए निर्देश, संबंधित विभागों को भी भेजे पत्र : औद्योगिक क्षेत्र मालनपुर में संचालित मां केला देवी मेटल कंपनी को अधिक प्रदूषण छोड़ने एवं प्रदूषण नियंत्रण की शर्तों के उल्लंघन के चलते प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने नोटिस थमाया हैद्य नोटिस में उल्लेख किया गया है कि अधिकारियों के निरीक्षण के समय इकाई परिसर में स्केप बिखरा हुआ पाया गया।

बोर्ड द्वारा प्रदूषण निवारण अधिनियम के तहत् प्रदत्त शक्तियों व अन्यं प्रावधानों का उपयोग करते हुये उद्योग द्वारा उत्पादन का कार्य तत्काल बंद कर दिए जाने के निर्देश दिए तो वही संबंधित विभाग उद्योग को प्रदत्त विद्युत/जल प्रदाय तथा अन्य सुविधाएँ तत्काल प्रभाव से विलंबित कर देने हेतु ,सदस्य सचिव, म.प्र. प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड भोपाल, कलेक्टर, जिला-भिंड, महाप्रबंधक, विद्युत वितरण कंपनी लि., मालनपुर, जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र मालनपुर को पत्र जारी किए हैं और कंपनी प्रबंधक को 15 दिवस के भीतर अनिवार्य रूप से जवाब प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं।

बिल्कुल यह बात सही है कि क्षेत्र की कुछ कंपनियां जमकर प्रदूषण छोड़ रही हैं इस मुद्दे को नगर परिषद की बैठक में उठाऊंगा ,ऐसी कंपनियों को चिन्हित कर कार्रवाई के लिए अधिकारियों को भी शिकायत करेंगे।

– हेम सिंह, पार्षद वार्ड क्रमांक 5 नगर परिषद मालनपुर

मुझे भी क्षेत्रीय लोगों से लगातार शिकायतें मिल रही हैं कि कुछ कारखानों द्वारा प्रदूषण छोड़कर क्षेत्र की आबो हवा को खराब किया जा रहा है ,इस संबंध में जल्द ही उच्च अधिकारियों को कार्रवाई के लिए पत्र लिखूंगा।

– केशव देसाई, विधायक गोहद